**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3283**

**12 मार्च, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में किए गए कार्य**

**†3283. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र में कायाकल्प के लिए अनुमोदित जल निकायों की संख्या कितनी है और अब तक कायाकल्प कार्य की प्रगति का ब्योरा क्या है;

(ख) अमृत 2.0 के अंतर्गत महाराष्ट्र में जल शोधन संयंत्रों की क्षमता में कितनी वृद्धि की जानी है और इस संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्योरा क्या है;

(ग) नल से जल आपूर्ति वाले घरों का वर्तमान प्रतिशत कितना है, अमृत 2.0 के अंतर्गत निर्धारित अद्यतन लक्ष्य क्या हैं और अब तक महाराष्ट्र में कितनी प्रगति हासिल की गई है; और

(घ) उन शहरों की संख्या कितनी है जिन्होंने 'सिटी वॉटर बैलेंस प्लान' और 'सिटी वॉटर एक्शन प्लान' सफलतापूर्वक दर्ज किए हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ) जल राज्य का विषय है। भारत सरकार विभिन्न योजनागत हस्तक्षेपों/परामर्शिकाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में मदद करती है। यह राज्यों को विभिन्न योजनाओं/मिशनों जैसे अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 के माध्यम से वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। अमृत 2.0 के अंतर्गत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को परियोजनाओं के चयन, मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारण और क्रियान्वयन करने का अधिकार दिया गया है।

महाराष्ट्र राज्य ने अमृत 2.0 के अंतर्गत जलाशयों के पुनरूद्धार से संबंधित 88 परियोजनाएँ शुरू की हैं, जिनकी कुल अनुमोदित लागत 1463.16 करोड़ रुपये है। राज्य द्वारा अमृत 2.0 पोर्टल पर अद्यतन की गई जानकारी के अनुसार 554.95 करोड़ रुपये (कैपेक्स) मूल्य की 73 परियोजनाओं का कार्य सौंपा जा चुका है, जिनमें से 316.09 करोड़ रुपये मूल्य के कार्य भौतिक रूप से पूर्ण किए जा चुके हैं।

राज्य ने जल आपूर्ति से संबंधित 70 परियोजनाएँ शुरू की हैं, जिनकी कुल अनुमोदित लागत 10,474.68 करोड़ रुपये है। इनका उद्देश्य जल शोधन संयंत्र की क्षमता को 1829.02 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) तक बढ़ाना है। 7,599.50 करोड़ रुपये (कैपेक्स) मूल्य की 64 परियोजनाओं का कार्य सौंपा जा चुका है, जिनमें से 3,627.03 करोड़ रुपये के कार्य भौतिक रूप से पूर्ण किए जा चुके हैं।

राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 89% शहरी जनसंख्या (अनुमानित 2021 जनसंख्या के अनुसार) के पास घरेलू नल कनेक्शन है। अमृत 2.0 पोर्टल पर दी गई अद्यतन जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र में अमृत 2.0 के अंतर्गत अनुमोदित जल आपूर्ति परियोजनाओं में 17.42 लाख नए नल कनेक्शन प्रदान किए जाने का प्रावधान है, जिनमें से अब तक 10,980 कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।

महाराष्ट्र राज्य में, 413 शहरी स्थानीय निकायों ने अमृत 2.0 पोर्टल पर शहर जल संतुलन योजनाएं (सीडब्ल्यूबीपी) प्रस्तुत की हैं तथा 241 शहरी स्थानीय निकायों ने शहर जल कार्य योजनाएं (सीडब्ल्यूबीपी) प्रस्तुत की हैं।

*****